द्वारका एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का काम 15 दिनों में होगा शुरू

बसई से खेड़की दौला तक का हिस्सा एनएचएआई के हवाले

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

■ हूडा व जीएमडीए ने रास्ते में आ रहे 22 मकान व इंडस्ट्रीज को 30 दिनों में हटाने का दिया आश्वासन

■ हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर से बसई रेलवे ओवरब्रिज तक का हिस्सा पहले ही दे दिया था

हूडा, जीएमडीए और एनएचएआई के अधिकारियों ने किया था मुआयना

द्वारका एक्सप्रेसवे के एलिवेटेड प्लान के तहत हूडा और जीएमडीए ने गुड़गांव के बचे हिस्से बसई रेलवे ओवरब्रिज से खेड़की दौला तक (7.377 किलोमीटर) को भी एनएचएआई के हवाले कर दिया है। इस हिस्से के बीच में 22 मकान और इंडस्ट्रीज आ रहे हैं, जिन्हें 30 दिन के अंदर हटा दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि अगले 15 दिन में एलिवेटेड एक्सप्रेसवे प्लान पर काम शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि, अभी प्लान के तहत दिल्ली में आ रही अड़चन दूर नहीं हो सकी है।

बीते मंगलवार को हूडा, जीएमडीए और एनएचएआई के अधिकारियों ने द्वारका एक्सप्रेसवे का मुआयना किया। बसई फ्लाईओवर से अधिकारी सेंट्रल पेरिफेरल रोड से होते हुए दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर गांव खेड़की दौला के समीप पहुंचे। एनएचएआई के अधिकारियों ने 90 मीटर चौड़ाई के इस एक्सप्रेसवे के बीच में आ रही अड़चनों की एक लिस्ट तैयार की। करीब 22 मकान और फैक्टरी इस प्लान के बीच में आ रही हैं। हूडा और जीएमडीए अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे इस हिस्से को टेकओवर करें। अगले 30 दिन के अंदर इसके रास्ते में आ रही अड़चनों को दूर कर दिया जाएगा।

याद रहे कि गत दिनों हूडा और जीएमडीए ने द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा-दिल्ली बॉर्डर से लेकर बसई रेलवे ओवरब्रिज तक के हिस्सा को एनएचएआई के हवाले कर दिया था। वहीं, अल्फाकॉप के सीईओ आशीष सरीन का कहना है कि द्वारका एक्सप्रेसवे के बनने के बाद दिल्ली-गुड़गांव को एक और कनेक्टीविटी मिल जाएगी। इससे आईएमटी मानेसर के इंडस्ट्रियल एरिया और सेक्टर-81 से 115 तक के निवासियों को फायदा मिलने के साथ-साथ दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक का लोड कम हो जाएगा।

“द्वारका एक्सप्रेसवे को एनएचएआई के सुपुर्द कर दिया है। अब एनएचएआई इसे एलिवेटिड बनाने का काम जल्द शुरू कर देगा। 30 दिन के अंदर इस एक्सप्रेसवे की अड़चनों को दूर कर दिया जाएगा।

– वाईएम मेहरा, अडिशनल चीफ इंजीनियर, हूडा